खनिज विभाग, मप्र माइनिंग कॉरपोरेशन और पुलिस अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण

# प्रशासन ने बनाई रणनीति, रेत माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने जल्द चलेगा बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बड़वारा और बरही क्षेत्र के रेत घाटों में व्यापक संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाकर रेत माफियाओं के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन के लिए बनाए गए कई अस्थायी मार्गों की पहचान की गई, जिन्हें जल्द ही ध्वस्त कर स्थायी रूप से बंद करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## नदी किनारों तक पहुंची टीम, खनन क्षेत्रों की हुई बारीक जांच

खनिज विभाग, मध्यप्रदेश माइनिंग कॉरपोरेशन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लदहर, सुतरी, बहरघटा, इमलिया, सुड्डी, बसाड़ी, सकरी-कुम्हरवारा सहित विभिन्न स्वीकृत रेत खदानों और घाटों का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केवल अभिलेखों की जांच तक सीमित न रहकर सीधे नदी तटों पर पहुंचकर जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान खदानों में उत्खनन गतिविधियां बंद पाई गईं, लेकिन टीम ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जहां से अवैध परिवहन की आशंका थी। कई ऐसे कच्चे रास्ते और संपर्क मार्ग चिन्हित किए गए जिनका उपयोग रेत के अवैध परिवहन में किया जा सकता था।

## अवैध रास्तों पर चलेगा बुलडोजर

प्रशासन ने रेत माफियाओं द्वारा तैयार किए गए अस्थायी मार्गों की मैपिंग कर उनका पूरा नेटवर्क चिह्नित कर लिया है। पूर्व में तोड़े गए मार्गों का पुनः परीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इन रास्तों को पूरी तरह ध्वस्त कर अवैध परिवहन की संभावनाओं को समाप्त किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों से भी चर्चा कर क्षेत्र की गतिविधियों संबंधी जानकारी जुटाई गई, ताकि अवैध कारोबार में संलिप्त तत्वों पर सटीक और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## सीमावर्ती खदानों पर भी प्रशासन की पैनी नजर

अभियान के दौरान माइनिंग कॉरपोरेशन की टीम ने उमरिया जिले की सीमा से लगी खैरवार रेत खदान का भी निरीक्षण किया। संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों और शर्तों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि नियमों के उल्लंघन पर किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध चल रहे अभियान को अब और अधिक प्रभावी, तकनीक आधारित तथा परिणामोन्मुखी बनाया जा रहा है। प्रशासन की मंशा साफ है कि रेत माफियाओं के लिए जिले में कोई भी अवैध रास्ता खुला नहीं छोड़ा जाएगा।

## संयुक्त दल में ये रहे शामिल

अभियान में उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परास्ते, थाना प्रभारी बड़वारा के.के. पटेल, माइनिंग कॉरपोरेशन के बालकृष्ण पांडे, पी.एल. द्विवेदी सहित खनिज विभाग, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



# मेडिकल स्टोर की आड़ में किया जा रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में औषधियों की बिक्री और भंडारण व्यवस्था को नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बुधवार को सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में औषधि विभाग की टीम ने कन्हवारा स्थित मित्रा फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर पर कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मौके पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिला और दवाओं के संधारण से संबंधित कोई भी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं का विक्रय किया जाना भी पाया गया।

## औचक निरीक्षण में मिली अनियमितताएं, थमाया नोटिस

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रूप से इलाज किया जा रहा था, जहां एक डॉक्टर मरीजों का उपचार करते हुए पाया गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षण दल ने मौके पर ही मेडिकल स्टोर को बंद करा दिया। साथ ही संबंधित संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई जारी है। निरीक्षण दल में ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन, डीएचओ डॉ. समीर सिंघई तथा नर्सिंग होम इंचार्ज नितिन तपा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बांधा मंदिर में गरुण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा 17 को

**स्लीमनाबाद।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में 17 जून बुधवार को परम पुनीत पुरुषोत्तम मास में राधाकृष्ण के अंशावतार स्वरूप श्री गरुड़ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी साथ ही श्रीधाम मंदिर के संस्थापक बैकुंठवासी गोरेलाल पाठक उनकी धर्मशील अर्धांगिनी भागोता देवी एवं पूना देवी की प्रतिमा स्थापित होगी । मंदिर परिवार द्वारा प्रेषित जानकारी के अनुसार श्री गरुड़ भगवान के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 15 जून से वैदिक विधि विधान एवं शास्त्र अनुसार देव आवाहन पूजन के साथ प्रारंभ होगा । प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व समस्त अधिवास संपन्न होंगे । 16 जून को प्रातः गोपालाभिषेक तथा सायं में भगवान की भव्य महा आरती होगी । 17 जून को श्री गरुड़ जी का नगर भ्रमण के पश्चात सायं में आचार्य जी की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा होगी । 18 जून को कन्या, ब्राह्मण तथा श्रद्धालु जनों का भंडारा प्रसाद होगा । कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जून से 17 जून तक श्रीधाम वृंदावन के पूज्य आचार्य अखिलेश चतुर्वेदी जी के द्वारा सायं 4 बजे से प्रति दिवस भक्तमाल ग्रंथ के भक्तों के चरित्र का गायन किया जावेगा । प्रति दिवस सायं से रात्रि तक भजन संकीर्तन आयोजित होंगे । धर्मप्रिय जनों से आयोजन में सहभागी बन पुण्य लाभ प्राप्त करने अपील की है

### खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर 12 से 14 जून तक

**कटनी।** जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बहोरीबंद विकासखंड में तीन दिवसीय खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर ग्राम पंचायत बहोरीबंद के पंचायत भवन में 12 जून से 14 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बहोरीबंद एसडीएम प्रदीप मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शिविर में महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभी खंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शिविर में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक प्रदाय करना सुनिश्चित करें।

### नेगाई की शासकीय भूमि में उद्योग लगाने की मांग

**सिलौंडी।** सिलौंडी से लगे ग्राम नेगाई में राजस्व विभाग की लगभग 500 एकड़ सरकारी भूमि है। सिलौंडी में पढ़ा लिखा युवक बेरोजगार फिर रहा है क्षेत्र में रोजगार की कमी है ।सिलौंडी और नेगाई के जागरूक लोगों ने अनेक बार सरकारी भूमि में उघोग लगाकर स्थानीय बेरोजगार को रोजगार देने पर जोर दिया है। वर्तमान में ग्राम पंचायतों में विजन 2047 की कार्ययोजना तैयार हो रही है। जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और आम जनता ने एक नेगाई की सरकारी भूमि में उद्योग लगाकर रोजगार देने की मांग उठाई है। सरकारी भूमि में गौशाला , कृषि उपज मंडी, बस स्टैंड,वियर हाउस, महाविद्यालय की कन्या हेतु हॉस्टल की मांग को विजन 2047 में जोड़वाया है। सिलौंडी में तहसील भवन और थाना बनाने की भी मांग है। बच्चों की अच्छी शिक्षा हेतु संदीपिन स्कूल खोलने की भी मांग है। युवक और युवतियां को तकनीक ज्ञान हेतु आई टी आई खोलने की मांग है। गांव की अनेक गलियों में सीसी रोड और नाली निर्माण की भी मांग की गई हैं।

### अधिकारियों का ऑन लाइन प्रशिक्षण आज

**कटनी।** जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जिले में 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत की जाने वाली समस्त कार्यवाहियों के लिए 11 जून को दोपहर 3 बजे से ऑनलाइन प्रशिक्षण होगा।

# जिम्मेदारों की मनमानी, ताले में कैद ग्राम पंचायत चाँदनखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




गावों का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए ग्राम पंचायतों का प्रमुख दायित्व होता है।सरकार की जन कल्याण कारी व हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ धरातल तक आमजन को मिले यह जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों में पदस्थ कर्मचारियों की होती है लेकिन कर्मचारियों की मनमानी से सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल तक मूर्तरूप नही ले पा रहा हैं। मामला बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत चाँदनखेड़ा का सामने आया है जहां वर्तमान में पदस्थ सचिव की मनमानी से ग्रामीणजन परेशान है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत चाँदनखेड़ा मे सचिव अशोक यादव पदस्थ है जो कभी कभार ही ग्राम पंचायत मे आते है।ग्राम पंचायत आते भी है तो घंटे भर के लिए अधिकतर समय ग्राम पंचायत तालों मैं ही कैद रहती है। पंचायत मे ताला लगा रहने से ग्रामीणों को कामकाज के लिए परेशान होना पड़ता है। सरपंच भी पंचायत कार्यालय मे नही बैठती है।

## आदेश की नाफरमानी

विभागीय अधिकारियो को जानकारी देने के वाबजूद भी अधिकारी लाफ़रवाही बरतने पर सचिव के खिलाफ कार्रवाई नही करते जिस कारण सचिव के हौसले बुलंद है। शासन के आदेशों को नही त्वज्जो -हाल ही मे सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से समस्त सरकारी कार्यालयों मे पदस्थ अधिकारी - कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालयों मे उपस्थित रहने के आदेश दिए गये है लेकिन ग्राम पंचायत चाँदनखेड़ा मे सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की खुलेआम नाफरमानी की जा रही है।

बुधवार को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत मे ताला लटका रहा। इस संबंध मे ग्राम पंचायत सचिव से फोन मे सम्पर्क कर उनका पक्ष जानना चाहा गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

## इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ अभिषेक कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायत चाँदनखेड़ा में पदस्थ सचिव अशोक यादव के द्वारा यदि पदीय दायित्वों के निर्वहन पर लाफ़रवाही बरती जा रही है तो यह नियमों की अनदेखी है। ग्राम पंचायत का ओचक निरीक्षण कर सचिव की मनमानी पकड़ी जाएगी व कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



कांग्रेस नेता सुश्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में जिले में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा है। जिला मुख्यालय पर बुधवार को कांग्रेस द्वारा इस लोकतंत्र विरोधी कृत्य के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्टर परिसर के बाहर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए गांधीवादी तरीके से सामूहिक उपवास रखा। विरोध प्रदर्शन का असर केवल जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं रहा। जिला कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर भी सामूहिक उपवास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया।

# अतिक्रमण हटाने चलाया गया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम एवं पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को नगर के मुख्य बाजार क्षेत्रों रेलवे स्टेशन मार्ग, गोल बाजार एवं झंडा बाजार में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान बाजार क्षेत्रों की मुख्य सड़कों एवं फुटपाथों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाते हुए संबंधित दुकानदारों एवं व्यापारियों को निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यवसाय संचालित करने की समझाइश दी गई। इस दौरान मुख्य मार्गों के किनारे फुटपाथ पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर फुटकर सब्जी व्यवसाय करने वालों को निर्धारित स्थल हॉकर्स जोन भेजने की भी कार्यवाही की गई।

## मार्गों में अतिक्रमण नहीं करने दी गई हिदायत

कार्रवाई के परिणामस्वरूप बाजार क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम हुआ तथा आम नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त हुई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा तथा शहर की यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को व्यवस्थित एवं सुगम बनाने में सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें, जिससे सभी नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिल सके।

# एसडीएम कोर्ट का बड़ा फैसला, तालाब को फिर से घोषित किया गया शासकीय

खिरहनी स्थित तालाब के स्वामित्व को लेकर चल रहा था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्राम खिरहनी स्थित खसरा नंबर 1091 एवं 1092 (रकबा 3.41 एकड़) पर स्थित तालाब के स्वामित्व को लेकर चल रहे लंबे विवाद पर एसडीएम न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिये जाने के बाद न्यायालय ने राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त करते हुए भूमि को पुनः 'शासकीय' दर्ज करने का आदेश दिया है। ग्राम खिरहनी के निवासी राजकुमार, वृन्दावन पटेल और अन्य ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। ग्रामीणों का तर्क था कि यह भूमि पर स्थित तालाब ग्रामवासियों के सार्वजनिक उपयोग के लिए है, लेकिन कुछ लोगों ने अवैध रूप से अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिया है। तहसीलदार, कटनी नगर की जांच रिपोर्ट और जिला अभिलेखागार से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1962-63 में खसरे के कॉलम-3 पर 'सरकार' दर्ज थी। वर्ष 1963-64 से 1965-66 तक यह भूमि 'प्रांतीय सरकार' के नाम पर दर्ज थी। परंतु वर्ष 1966-67 से बिना किसी सक्षम आदेश के यह भूमि पर निजी व्यक्तियों (नरबदा प्रसाद आदि) के नाम भूमिस्वामी के रूप में दर्ज कर दिए गए।

मामले में उपस्थित अनावेदकों के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यह भूमि वर्ष 1907-08 से ही उनके पूर्वजों के नाम निजी भूमि के रूप में दर्ज चली आ रही है। उन्होंने तर्क दिया कि शासन के नाम प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण थी और बाद में उसे सुधारकर पुनः उनके नाम दर्ज किया गया। अनावेदकों ने अपने दावे के समर्थन में व्यवहार न्यायालय के पूर्व निर्णयों और स्थगन आदेशों की प्रति भी प्रस्तुत की थी। सुनवाई के दौरान यह पाया गया कि वर्तमान भूमिस्वामियों द्वारा ऐसा कोई प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि राजस्व अभिलेख में उनका नाम किस सक्षम अधिकारी के आदेश से दर्ज हुआ।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्ष 1963-64 के खसरा अभिलेख के अनुसार उक्त भूमि प्रांतीय सरकार के नाम पर दर्ज थी। किसी भी शासकीय भूमि को निजी दर्ज करने के लिए सक्षम अधिकारी का आदेश आवश्यक है, जिसका विवरण अभिलेखों में नहीं पाया गया।

म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत खसरा प्रविष्टि में संशोधन की अनन्य अधिकारिता राजस्व न्यायालय को प्राप्त है। जिसके तहत न्यायालय ने आदेश दिया है कि राजस्व अभिलेख वर्ष 1963-64 से वर्ष 1966-67 के अनुसार पूर्ववत 'प्रांतीय सरकार' की प्रविष्टि दर्ज की जाए। साथ ही, कैफियत कॉलम में ₹तालाब है, पानी का निस्तार सुरक्षित₹ दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश के क्रियान्वयन के लिए प्रकरण तहसीलदार, कटनी नगर को प्रेषित कर दिया गया है।

## निगमायुक्त ने वेंकट लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# पुस्तकों की उपलब्धता का लिया जायजा, व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार प्रातः वेंकट लाइब्रेरी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पुस्तक संग्रह, साफ सफाई ,प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, आवश्यक रखरखाव सहित पाठकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं को और बेहतर और सुचारू बनाने तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं पाठकों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपयुक्त शैलेश गुप्ता भी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त ने वेंकट लाइब्रेरी में प्रतिदिन अध्ययन हेतु आने वाले छात्र-छात्राओं एवं पाठकों की संख्या तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध पाठ्य एवं संदर्भ पुस्तकों, दैनिक समाचार पत्रों का अवलोकन किया। निगमायुक्त ने विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए नवीनतम एवं उपयोगी प्रतियोगी परीक्षा संबंधी पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश वेंकट लाइब्रेरी प्रभारी को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वेंकट लाइब्रेरी परिसर एवं प्रसाधन कक्ष की साफ-सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाठकों एवं विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर एवं प्रसाधन कक्षों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखा जाए।

## कंप्यूटर कक्ष का किया निरीक्षण

वेंकट लाइब्रेरी में संचालित कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्वयं एक कंप्यूटर संचालित कर उसकी कार्यप्रणाली, इंटरनेट स्पीड एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कंप्यूटरों की सुरक्षा एवं बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक एंटीवायरस सॉफ्टवेयर स्थापित कराने तथा आवश्यक सॉफ्टवेयर सब्सक्रिप्शन उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने लाइब्रेरी में उपलब्ध फर्नीचर एवं बुक शेल्फ की व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर परिसर में आवश्यक मरम्मत एवं अन्य आधारभूत सुधार कार्यों का नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। निगमायुक्त ने वेंकट लाइब्रेरी परिसर के निचले रिक्त स्थल का निरीक्षण कर स्थाई जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बोरिंग की व्यवस्था हेतु भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# बोरियों के नीचे दबा मजदूर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया स्थित एक मजदूर की बोरियों के नीचे दबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की मर्ग जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय घनश्याम पिता मान सिंह मूल रूप से उमरिया जिले के ग्राम अमुआरी का निवासी था और आजीविका के लिए पिछले कुछ समय से कटनी की सोना पाइप इंडस्ट्री में बतौर मजदूर कार्यरत था।

घटना के चश्मदीद और मृतक के साथी मजदूर सोहन सिंह ने बताया कि बुधवार को घनश्याम हमेशा की तरह फैक्ट्री में काम कर रहा था। वह मशीन के हॉपर (मिक्सर/कंटेनर) में पाइप बनाने का कच्चा माल डाल रहा था। इसी दौरान हॉपर के ठीक ऊपर बेहद असुरक्षित तरीके से रखी गईं बोरियां अचानक असंतुलित हो गईं और सीधे घनश्याम के ऊपर आ गिरीं। बोरियों का वजन अत्यधिक होने के कारण घनश्याम उनके नीचे पूरी तरह दब गया मदद के लिये चिल्लाने लगा। शोर सुनकर फैक्ट्री के अन्य मजदूर मौके पर दौड़े और घनश्याम के ऊपर से बोरियां हटाने का काम शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद जब घनश्याम को बाहर निकाला गया, तब तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। सूचना मिलने पर माधव नगर थाने के उप निरीक्षक दीपू कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### असंगठित श्रमिक 13 जून तक कराए ई-केवाईसी

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा समस्त वार्ड दरोगाओं एवं प्रभारी वार्ड दरोगाओं को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त (वित्त) द्वारा जारी पत्र के अनुसार, श्रम विभाग एवं मध्य प्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल के निर्देशानुसार 13 जून 2026 तक सभी पात्र श्रमिकों की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जानी है। निर्धारित अवधि के पश्चात जिन श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगी, उनके पंजीयन को नियमानुसार निरस्त किया जा सकता है। निगम प्रशासन ने वार्ड स्तर पर कार्यरत अमले को निर्देशित किया है कि वे संबंधित श्रमिकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु प्रेरित करें तथा अभियान की प्रगति पर सतत निगरानी रखें। इसके लिए शेष पात्र श्रमिकों की सूची भी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई है। नगर निगम ने सभी पंजीकृत असंगठित श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराकर संबल योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों का लाभ प्राप्त करें।

### डाकघर आधार महाअभियान 11 एवं 12 जून को

**कटनी।** आधार सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से जिले के डाकघरों में 11 एवं 12 जून को विशेष ₹डाकघर आधार महाअभियान₹ चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक कराने की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान के लिए 10 जून को टोकन वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा इच्छुक नागरिक ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी करवा सकते हैं। टोकन प्राप्त करने हेतु 7587598077 नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी संपर्क किया जा सकता है। अभियान के दौरान सभी आधार सेवा केंद्र प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में संचालित आधार केंद्रों का समय प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक रहेगा। जिले में स्थित प्रमुख आधार सेवा केंद्रों में बाकल, बरही, कटनी सीमेंट फैक्ट्री, कटनी प्रधान डाकघर, कटनी HO2, माधव नगर, कैमोर, निवार, रीठी, सरोली मझगवां, सिहोरा एमडीजी, स्लीमनाबाद, उमरियापान तथा विजयराघवगढ़ डाकघर शामिल हैं। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम डाकघर आधार केंद्र पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### 16 जून से 15 अगस्त तक जिले में मत्स्य आखेट प्रतिबंधित

**कटनी।** जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्य आखेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है। वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिये मध्यप्रदेश नदी मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रुप में घोषित किया गया है। इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे न तो स्वयं इन गतिविधियों में शामिल हों और न ही इस कार्य में सहयोग करें। हालांकि छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को उनमें यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इन नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रुपये अर्थदण्ड अथवा दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है।

---

**तीन माह में सभी कार्यों को करना होगा पूर्ण, अनियमितताओं पर होगी कार्यवाही**

# जिले भर के चिन्हित 82 जर्जर शालाओं का 1.66 करोड़ से होगा मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान छात्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की 82 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में व्यापक मरम्मत कार्यों के लिए 1 करोड़ 66 लाख 94 हजार 100 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

जिला शिक्षा केंद्र द्वारा किए गए सर्वेक्षण एवं परीक्षण के आधार पर जर्जर एवं मरम्मत योग्य शालाओं का आंकलन कर प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिसे डीएमएफ पोर्टल पर अपलोड किया गया। प्रस्ताव का परीक्षण करने के बाद राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के नोडल अधिकारी द्वारा विभागीय अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद कलेक्टर ने इन स्कूलों में मरम्मत हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी किया है।

स्वीकृत राशि से शासकीय शालाओं में ₹व्यापक मरम्मत कार्य₹ कराए जाएंगे। इन कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायतों को दी गई है, जबकि तकनीकी स्वीकृति ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा जारी की गई है।

## इन शालाओं को मिली राशि

जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार विकासखंड कटनी के अंतर्गत जी नवीन पौडी पडरिया, एम.एस. भनपुरा नं-2, एम.एस. देवडोगंरा, एम.एस. देवरी हाटई, एम.एस. गुलवारा, एम.एस. कछगवा, एम.एस. लखापतेरी, एम.एस. मडई, एम.एस. पटवारा, एम.एस. पिलौंजी, पी.एस भनपुरा न-2, पी.एस देवरी सानी, प्रायमरी स्कूल गुलवारा, पी. एस जुगियाकाप, पी.एस करहिया, पी.एस मुहारी और पी.एस नयागांव इमलिया शामिल हैं।

इसी प्रकार विकासखंड रीठी के अंतर्गत जी.एम.एस. जमुनिया, जी.एम.एस स्कूल गुडाबंधा, जी.एम.एस मझगवां न. 2, जी.एम.एस बरयारपुर, जी.एम.एस ढुढरी, जी.एम.एस मूरपार, जी.एम.एस नौवापटी, जी.एम.एस आदिवासी टोला गुढहरी, जी.पी.एस बांधा, जी. पी.एस कुम्हवारा, जी.पी.एस सूर्यारी कुम्हरवारा, जी.पी.एस आदिवासी घुडहर, पी.एस गंगा नगर बडगांव, जी.पी.एस हनुमान नगर बरजी, एम.एस. देवरीकला, मिडिल स्कूल बरजी, सैटेलाईट अहिरगवां, पी.एस.उजियारपुर, मिडिल स्कूल चरगवां, एम.एस. अमगवां, पी.एस. घुमची, एम.एस. सूखा, जी.पी.एस. नयाखेडा और पी.एस. मुहास की मरम्मत होगी। जबकि विकासखंड विजयराघवगढ़ में जी.एम.एस. डीघी, यूईजीएस पीएस मनघटा, जी.एच.एस. सुरमा, यूईजीएस पी.बी.एस बडारी, यूईजीएस पीएस डायर सलैया, जी.पी.एस. जुगिया, जी.पी.एस. रोहनीया, जी.एम.एस. गुडेहा, यूईजीएस बीपीएस लला नगर गुडगडौहा, यूईजीएस वीपीएस मढैयनटाला बंजारी, जी.पी.एस आदिम जाति जमुवानीकला, जी.एम.एस जुमवानीकला, जी.एम.एस. इटौरा, जी.एनएम.एस करेहा, जी.एनएम एस लखनपुरा, जी.एम.एस. हरदुआ-2 और नवीन एम.एस. परसवारा शामिल हैं।

वहीं विकासखंड बहोरीबंद की जिन शालाओं में मरम्मत कार्य होगा उनमें जी.पी.एस. रामनगर, पी.एस. भटवाटोला मसंधा, जी.पी.एस पटीकला, पी.एस. अमाडी, जीपीएस शांतिनगर पटीराजा, जीपीएस कजलीवन, ईपीइस वसेहडी, पीएस नैगवां, पीएस महगवां, पीएस मोहाई, एमएस अमाडी, ईपीइएस सुपेली, पीएस सिजेहरी, पीएस गुना, पीएस सोमाकला, पीएस कुडाखुर्द, पीएस भटिया तेवरी, पीएस हनुमान टोला, पिएस तिगवां, पीएस पथराडी पिपरिया, पीएस कूड़ा घनिया, पीएस हरीजन मोहल्ला कुआं, एमएस नीमखेडा और पीएस मढैयन टोला शामिल हैं।

## 3 माह में पूरा करना होगा कार्य

कलेक्टर एवं जिला खनिज प्रतिष्ठान के अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि सभी कार्य 3 माह की समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। निर्धारित राशि से अधिक व्यय की अनुमति नहीं होगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति निजी या वन भूमि पर कार्य करना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही कार्य स्थल पर सूचना पटल लगाना, फोटो दस्तावेजीकरण करना तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत राशि के तहत क्रियान्वयन एजेंसी को प्रथम किश्त के रूप में 30 प्रतिशत राशि जारी करने की अनुमति भी प्रदान की गई है।

---



# बांके बिहारी भगवान को अर्पित किए गए 56 प्रकार का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पवित्र पुरषोत्तम मास चल रहा है। इसके चलते मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। स्लीमनाबाद स्थित प्रसिद्ध सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहे है।जिसमें प्रतिदिन रामचरित मानस पाठ का गायन किया जा रहा है।जो एक माह तक अनवरत जारी रहेगा। प्रतिदिन सिंहवाहिनी मंदिर मैं भगवान बांके बिहारी का अभिषेक किया जा रहा है।साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। बुधवार को महिलाओं के द्वारा 56 प्रकार का भोग बांके बिहारी को अर्पित किया गया ।महिलाओं के द्वारा पुरषोत्तम मास मैं मंगलमय गीत गाये व नृत्य भी किया गया। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगाया।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान बांके बिहारी का पवित्र माह है।पुरषोत्तम मास स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। इससे पाप का नाश होकर सुख, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पुरुषोत्तम ( अधिक ) मास के अवसर पर अधिक फल की प्राप्ति हेतु सिंहवाहिनी मंदिर स्लीमनाबाद मे महिला मंडल द्वारा वर्ष भर मे आने वाले सभी उत्सव मनाये जा रहे है जिसमे शरद पूर्णिमा, दीपावली, भगवान जन्म,हरियाली तीज,अक्षय तृतीया, भगवान का विवाह आदि मनाये जा रहे है! जिसमे मंगल गान के साथ रामायण का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस दौरान सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्य उत्तरा दुबे, आभा दुबे,मनोरमा त्रिपाठी, कृष्णा तिवारी, मीना शर्मा,निशा दुबे, सोमवती, उपमा त्रिपाठी ,श्यामा,रजनी दुबे, सरिता त्रिपाठी,पूजा दीक्षित, सहित महिलाये सहभागिता कर रही है।

---

**महापौर ने शिकायतों को अकारण लंबित नहीं रखने अधिकारियों को दिये निर्देश**

# जन सुनवाई में महापौर ने सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं एवं मांगें लेकर पहुंचे। प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुई जनसुनवाई में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की। इस दौरान निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहे, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़े तथा कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई की



प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

जनसुनवाई में पेयजल, सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट, राजस्व, अतिक्रमण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें एवं मांगें प्राप्त हुईं। महापौर श्रीमती सूरी ने प्रत्येक आवेदन पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए तथा सभी प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों से कहा कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

## समस्याओं का हो समाधान

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। नगर निगम प्रशासन आमजन की सुविधा एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है तथा प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने शहरवासियों से महापौर जनसुनवाई का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि अपनी समस्याओं एवं सुझावों को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने के लिए नागरिक जनसुनवाई में सहभागिता करें, ताकि उनकी समस्याओं का

---

## बाढ़ आपदा प्रबंधन पर दिया गया प्रशिक्षण



मध्यप्रदेश के आपदा प्रबंधन संस्थान के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस टाउन, कटनी में कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 'बाढ़ आपदा प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण होमगार्ड कार्यालय, झिंझरी, कटनी में संपन्न हुआ। जिसमें जिले की मछुआरा समिति के लगभग 100 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती विंकी सिंहमारे एवं तहसीलदार नेहा जैन (प्रभारी राहत शाखा, कटनी) उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट राजेन्द्र सिंह बघेल एवं प्लाटून कमाण्डर विजयांश चौधरी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इसके पश्चात श्रीमती सिंहमारे ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती पूजन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के दौरान मछुआरा समिति के सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा बाढ़ आपदा की स्थिति में सतर्कता, बचाव एवं प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण सिविल डिफेंस कटनी के सेवानिवृत्त सीडीआई आर.पी. त्रिपाठी एवं सेवानिवृत्त होमगार्ड तिलकेश्वर परौहा द्वारा प्रदान किया गया।

---

# बारिश में नल जल योजना के कार्य को बंद करने का दिये आदेश, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी में जल जीवन मिशन का कार्य शुरू है गांव की गलियों में खुदाई कर पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है । टंकी निर्माण कार्य के साथ सम्प वेल का कार्य भी चालू है साथ में बहुत तेजी से पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी चल रहा है । लोगों में खुशी है कि जल्दी ही घर घर जल पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में विभाग ने ठेकेदार को कार्य बंद करने का आदेश दिया है , जिससे ग्राम वासियों में असंतोष व्याप्त है।

सिलोंडी सरपंच पंचों बाई संतोस बर्मन का कहना है की ठेकेदार के द्वारा बहुत तेजी से सभी साइड में कार्य किया जा रहा है सभी कार्य उच्च गुड वत्ता के साथ किये जा रहा है। बारिश सामने है ऐसी स्थिति में विभाग के द्वारा कार्य बंद कराया जा रहा है जो की उचित नहीं है, चारीं और पाइप लाइन डालने के लिए रोड खुदी पड़ी है यदि कार्य पूर्ण नहीं करने दिया गया तो ग्राम वासियो को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

वहीं उप सरपंच मिंटू राय का कहना है कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक से भी बात की गई है जिसमे उन्होंने कार्य को चालू रखने के लिए बोला गया है वहीं कछार गांव में वाटर सप्लाय चालू हो चुकी है। कछार गांव सरपंच कैलाश चंद्र जैन ने बताया की ठेकेदार के द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया गया एवम वाटर सप्लाय चालू कर दी गई है टंकी एवम संपवेल भी बन कर तैयार हो चुकी है। वारिस को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा ठेकेदार को पुनः कार्य करने का आदेश दिया जाय जिससे हर घर नल योजना से लोगों को जल संकट से मुक्ति मिले।

ठेकेदार का कहना है की मेरे द्वारा सभी साइड में पूरी तत्परता से कार्य किया जा रहा था, जिसकी लगातार जानकारी एवम फोटोग्राफ अधिकारियों को दी जा रहे थे एवम अधिकारियों के दौरा करने पर कहीं कोई शिकायत नहीं मिली थी , फिर भी टेंडर निरस्त करने के लिए पत्र दिया गया जो की पूरी तरह से अनुचित है। मेरे द्वारा कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है उन्होंने कार्य चालू रखने के लिए कहा है। क्षेत्रीय विधायक को भी अवगत कराया गया है उन्होंने भी कार्य चालू रखने के लिए कहा है। मेरे द्वारा पूरी तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है दोनों सरपंचों के द्वारा कार्य की संतुष्टि एवम अनुशंसा के लिए पत्र दिए है ।

---

**हमारे शिक्षक ऐप में हाजिरी नहीं लगाया तो माना जाएगा अनुपस्थित**

# अब शिक्षकों की बहानेबाजी नहीं चलेगी ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं तो सैलरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और शिक्षकों की लेटलतीफी व अनुपस्थिति पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के निर्देश के बाद अब जिला स्तर पर भी इसे कड़ाई से लागू करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

कटनी के जिला शिक्षा अधिकारी ने लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र का हवाला देते हुए जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य और हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को सख्त गाइडलाइन जारी की है। नए आदेश के तहत, यदि किसी शिक्षक ने 'हमारे शिक्षक ऐप'



पर अपनी ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की, तो उन्हें उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा और उनका उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा।

## 'नो वर्क, नो पे'

अब सरकारी शिक्षकों के मासिक वेतन का आहरण केवल 'हमारे शिक्षक ऐप' पर दर्ज ऑनलाइन उपस्थिति के डेटा के आधार पर ही किया जाएगा। जिस दिन हाजिरी नहीं, उस दिन का वेतन साफ। आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि जिन शिक्षकों द्वारा जिस भी तिथि को ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जाएगी, उन्हें उस दिन ₹अनुपस्थित₹ मानकर उनका उस दिन का वेतन आहरित नहीं करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बिना ई-अटेंडेंस के यदि किसी शिक्षक का वेतन आहरित (सैलरी रिलीज) होता है, तो इसके लिए संबंधित संकुल प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाएंगे।

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा जारी मूल आदेश के परिपालन में कटनी जिला शिक्षा अधिकारी ने 09 जून 2026 को आदेश क्रमांक/विद्या/2026/1829 जारी करते हुए जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (DDO), संकुल प्राचार्यों और लोकसेवकों को इस नियम का शत-प्रतिशत पालन करने और तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग के उन शिक्षकों में हड़कंप मच गया है जो अक्सर स्कूलों से नदारद रहते थे या कागजी हाजिरी के भरोसे ड्यूटी निभा रहे थे। विभाग ने साफ कर दिया है कि तकनीक आधारित इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

**सीवर एवं पाइपलाइन कार्यों की महापौर ने की विस्तृत समीक्षा**

# खुदाई कार्यों में सुरक्षा का रखें ध्यान, नागरिकों न हो कोई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम क्षेत्र में अमृत योजना के अंतर्गत संचालित सीवर नेटवर्क एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में अमृत योजना के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सीवर एवं पाइपलाइन विस्तार के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

## गुणवत्ता एवं समय का रखें ध्यान

महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों से क्षेत्रवार जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सीवर एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य शहर की



महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं में शामिल हैं, कार्यों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में कार्य संचालित हैं, वहां नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए कार्यों का सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा बैठक में महापौर ने रेस्टोरेशन कार्यों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पाइपलाइन एवं सीवर लाइन बिछाने के उपरांत सड़कों और मार्गों का पुनर्स्थापन भी तय समय सीमा में किया जाए। रेस्टोरेशन कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों तथा कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित क्षेत्र को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप में नागरिकों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाए।

## नागरिकों को दें सूचना

महापौर श्रीमति प्रीति सूरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों को आवश्यक सूचना प्रदान की जाए। साथ ही कार्यों के संबंध में व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को परियोजना की जानकारी रहे और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि खुदाई कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उतने ही क्षेत्र में खुदाई की जाए, जितने क्षेत्र में समय पर भराई एवं पुनर्स्थापन का कार्य किया जा सके। सभी कार्यस्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन की सुरक्षा बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना न हो।

बैठक में महापौर ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, गुणवत्ता की सतत निगरानी बनाए रखने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि अमृत योजना के अंतर्गत शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक सीवर सुविधाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव,असिस्टेंट रेजिडेंट इंजीनियर सौरभ नोगज़ा सहित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# अस्पताल परिसर में नशे में धुत्त युवक ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला अस्पताल परिसर में नशे में धुत एक युवक ने हंगामा शुरू कर दिया। युवक की इस हरकत से अस्पताल में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। हंगामे के दौरान युवक ने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई के दरवाजे का कांच तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार आरोपित युवक विजयराघवगढ़ क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। वह अत्यधिक नशे में था और अस्पताल परिसर में घुसकर अचानक तोड़फोड़ करने लगा। उसने जैसे ही SNCU वार्ड के दरवाजे पर हाथ मारा, कांच टूट कर बिखर गया। इस दौरान कांच लगने से युवक खुद भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे अस्पताल के फर्श पर काफी मात्रा में खून फैल गया। वार्ड के बाहर हुए इस खूनी ड्रामे से वहां चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह युवक अस्पताल आने से पहले रास्ते में भी उत्पाद मचा रहा था। उसने मार्ग पर वाहन रोकने को लेकर कुछ राहगीरों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की थी। इसके बाद वह भागते हुए जिला अस्पताल पहुंचा और वहां भी हंगामा शुरू कर दिया। उसने बिना किसी वजह के नवजात बच्चों के वार्ड का कांच फोड़ दिया।

घटना को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लहूलुहान हालत में हंगामा कर रहे युवक को काबू में कर हिरासत में लिया।

### मरीजों के बीच पहुंचकर जाना हालचाल, मेडिकल कॉलेज का लिया जायजा

# संभागायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**प्रधानमंत्री आवास पूर्ण निर्मित 56 एलआईजी भवनों को पुताई रंगाई का कार्य करके इनका विक्रय यथाशीघ्र किया जाये- संभागायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





संभागायुक्त अनिल सुचारी ने दमोह जिले के भ्रमण के दौरान बांदकपुर एवं हिंडोरिया के साथ दमोह में चल रहे कार्यो का भी भ्रमण के दौरान जायजा लिया। उन्होंने प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र भगवान जागेश्वर धाम बांदकपुर पहुंचकर भगवान जागेश्वरनाथ का पंचामृत स्नान, जलाभिषेक एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। संभागायुक्त श्री सुचारी ने कुण्डलपुर क्षेत्र का भी भ्रमण कर बड़े बाबा (भगवान आदिनाथ)के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने दमोह में प्रधानमंत्री आवास एवं निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यो का भी जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्री सुचारी ने कलेक्टर श्री यादव के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेल्प डेस्क, ओपीडी, एएनसी सेवाओं, परामर्श कक्ष, पुरुष वार्ड एवं लॉन्ड्री सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अठ्या भी मौजूद थे।

हेल्प डेस्क पर पहुंचकर उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों के पंजीयन, उपचार प्रक्रिया तथा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को सरल, त्वरित एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने ओपीडी के बाहर प्रतीक्षारत मरीजों की संख्या को देखते हुए मरीजों के बैठने हेतु अतिरिक्त कुर्सियां लगाने के निर्देश दिए। पुरुष प्रसाधन कक्ष का अवलोकन कर हर दो से तीन घण्टे में सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार के साथ-साथ मरीजों की सुविधा और गरिमा का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

संभागायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध चादरों, बेडशीट एवं कंबलों की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए जनसहयोग से इन व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास करने की बात कही। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले से चर्चा कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार सुविधाओं एवं मरीजों की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया एवं सीबीएमओ डॉ. अमित मिश्रा ने अस्पताल की गतिविधियों एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई ।

**पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त अनिल सुचारी एवं कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में औषधीय पौधा आंवला रोपित किया। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश सीबीएमओ डॉ. मिश्रा को दिए। संभागायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। जिस प्रकार मरीजों की देखभाल आवश्यक है, उसी प्रकार लगाए गए पौधों का संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**पीएम आवास का लिया जायजा**

संभागायुक्त श्री सुचारी ने प्रधानमंत्री आवास का जायजा लिया । इस संबंध में स्थल पर कमिश्नर डॉ. सुचारी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि ठेकेदार द्वारा वर्ष 2022 से कार्य बंद कर दिया उसको कई बार नोटिस दिये गये परन्तु उसने कार्य प्रारम्भ नही किया । ठेकेदार का टेंडर एवं अनुबंध निरस्त करने के पूर्व शासन को जानकारी भेजी गई, संचालनालय से निर्देश प्राप्त हुए कि परिषद अपने स्तर से निर्णय ले, माह अप्रेल 2026 में परिषद में ठेकेदार के अनुबंध को निरस्त करने का निर्णय लिया जा चुका है। ठेका निरस्त करके शेष कार्य हेतु पुनः निविदायें आमंत्रित करने की कार्यवाही की जा रही है। संभागायुक्त श्री सुचारी ने स्थल पर निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि पूर्ण निर्मित 56 एलआईजी भवनों को पुताई रंगाई का कार्य करके इनका विक्रय यथाशीघ्र किया जाये, ताकि इनमें टूटफुट एवं चोरी की संभावना न रहें। शेष निर्माणाधीन भवनों का कार्य प्रारम्भ कराने हेतु यथाशीघ्र नियमानुसार निविदायें आमंत्रित करके कार्य प्रारम्भ कराया जायें।



**संभागायुक्त पहुंचे मेडिकल कॉलेज लिया जायजा**

संभागायुक्त सुचारी अपने भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज पहुंचे और निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री विश्वकर्मा ने बताया भवन का कार्य और विद्युत फिटिंग का कार्य पूर्णता पर है, 30 जून तक भवन विभाग को हैण्डओव्र कर दिया जायेगा। श्री विश्वकर्मा ने एकेडिमिक बिल्डिंग एवं छात्रावास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। संभागायुक्त श्री सुचारी ने यहां पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेने पर पीआईयू के कार्यपालन यंत्री ने पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे।

**संभागायुक्त पहुंचे सतरिया**

संभागायुक्त पटेरा के ग्राम सतरिया पहुचे। उन्होंने यहां एक बगिया माँ के नाम निर्माण कार्य हितग्राही सुधा दामोदर के यहां पहुंचे और अवलोकन किया। श्री सुचारी ने हितग्राही से चर्चा की। उनके द्वारा बताया इससे उन्हें आय का जरिया भी मिलेगा सभी फलदार पेड हैं। इस दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सागर संभाग कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किए बड़े बाबा के दर्शन



**कुण्डलपुर।** सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. अनिल सुचारी एवं दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कुण्डलपुर पहुंचकर पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की तथा अर्घ समर्पित कर प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दोनों अधिकारियों का सम्मान कर उनका स्वागत किया गया। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान समिति के सदस्य एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# जीवन नश्वर है, मोह-माया त्याग कर प्रभु-भक्ति में मन लगाएंः पं. वीरेंद्र शास्त्री

**आज पूर्णाहुति और भंडारे के साथ होगा कथा का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के पुलिस थाना परिसर मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को विधिवत विश्राम किया। धार्मिक वातावरण, भक्ति रस में डूबी कथा और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने इस आयोजन को अध्यात्म से ओत-प्रोत बना दिया। कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पं वीरेंद्र शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण के विवाह प्रसंग, श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। कथा के अंतिम दिवस बडी संख्या में श्रोता कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे। शास्त्री जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि यह प्रसंग सच्ची मित्रता और निष्काम भक्ति का संदेश देता है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में सहपाठी थे और उनके बीच अटूट प्रेम था। आश्रम में वे भिक्षा लाने से लेकर जंगल में लकड़ी काटने तक, हर कार्य साथ करते थे। आश्रम से विदा होने के बाद श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने, जबकि सुदामा ने अत्यंत साधारण ब्राह्मण का जीवन जिया। गरीबी के कारण कई बार उनके परिवार को भूखा रहना पड़ता था। पत्नी के आग्रह पर सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। उनके फटे-पुराने वस्त्रों को देखकर द्वारपाल भी चकित रह गए। कथा व्यास ने कहा कि मित्र की दयनीय स्थिति देखकर भगवान श्रीकृष्ण भावुक हो गए वे स्वयं दौड़कर सुदामा को अंदर लेकर आए और अपने आंसुओं से उनके चरण धोए। सुदामा संकोचवश अपनी पोटली छिपाए रहे, लेकिन श्रीकृष्ण ने उसमें रखे रूखे चावलों को प्रेम पूर्वक ग्रहण किया। निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने सुदामा की कुटिया को महलों में बदल दिया और उनकी दरिद्रता समाप्त कर दी। कथा में शुकदेव मुनि और राजा परीक्षित का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को बताया था कि कलियुग में धर्म, सत्य और दया का ह्रास होगा, तथा मनुष्य का मूल्य धन-दौलत से आंका जाएगा। ऐसे समय में हरि-स्मरण और नाम-कीर्तन ही मुक्ति का एकमात्र साधन रहेगा। सात दिनों की कथा पूर्ण होने पर शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को अंतिम उपदेश दिया कि जीवन नश्वर है, इसलिए मोह-माया त्यागकर प्रभु-भक्ति में मन लगाना चाहिए। कथा का समापन गुरुवार को विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# धड़ल्ले से बिक रहा एक्सपायरी खाद्य सामग्री का सामान, स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों एक्सपायरी डेट का खाद्य सामग्री का सामान खुलेआम बेचा जा रहा है। नगर में प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसमें ग्रामीण अंचलों से हजारों लोग घरेलू उपयोग का सामान खरीदने आते हैं। वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन भी चल रहा है, जिसके चलते खाद्य सामग्री की मांग बढ़ी हुई है। इसी का लाभ उठाकर कुछ किराना व्यापारी एक्सपायरी डेट वाले उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगर की कई किराना दुकानों पर गरम मसाला, नमकीन, बिस्कुट, सोनपापड़ी, पेय पदार्थ सहित अन्य खाद्य सामग्री एक्सपायरी होने के बावजूद ग्राहकों को बेची जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनेक उपभोक्ता अशिक्षित या कम पढ़े-लिखे होने के कारण उत्पादों पर अंकित निर्माण एवं समाप्ति तिथि की जांच नहीं कर पाते हैं। कई बार शिक्षित लोग भी जल्दबाजी में बिना एक्सपायरी डेट देखे सामान खरीद लेते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एक्सपायरी खाद्य सामग्री के सेवन से फूड पॉइजनिंग, पेट संबंधी बीमारियां, एलर्जी तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों द्वारा केवल आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से ऐसे उत्पादों की बिक्री जारी रखी जा रही है। उन्हें उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की कोई चिंता नहीं दिखाई देती। नगरवासियों नगरवासी महाराज सिंह, प्रहलाद, रामकुमार का आरोप है कि दमोह जिले से खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षक समय-समय पर तेंदूखेड़ा आते तो हैं, लेकिन किसी कारणवश प्रभावी कार्रवाई नहीं करते। लोगों का कहना है कि यदि नियमित जांच अभियान चलाकर दोषी व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तो इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। कार्रवाई के अभाव में संबंधित व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी भय के एक्सपायरी सामग्री बेच रहे हैं। नगर के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि तेंदूखेड़ा नगर में विशेष जांच अभियान चलाया जाए, दुकानों का निरीक्षण कर एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त की जाए तथा दोषी व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके। एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि मंगलवार को नगर के 11 मेडिकल स्टोरो की जांच करवाई गई है उसमें 6 दुकानों में खामियां मिली है कुछ प्रतिबंधित दवाएं भी पाई गई हैं जिस पर कार्रवाई की जा रही है किराना दुकानों के संबंध में एक्सपायरी डेट का सामान के संबंध में मामला मेरे संज्ञान में आया है शीघ्र ही नगर की किराना दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा और खाद सामग्री यदि एक्सपायरी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने उपवास कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार बुधवार को हटा बस स्टैंड स्थित सभा मंच पर ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन कर एक दिवसीय उपवास पर बैठे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने शांतिपूर्ण तरीके से ₹रघुपति राघव राजा राम₹ का सामूहिक गायन कर अपनी लोकतांत्रिक विरोध-प्रक्रिया दर्ज कराई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नामांकन निरस्त किए जाने के फैसले के विरोध में यह उपवास एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया है। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने कहा कुछ दिन पूर्व पश्चिम बंगाल में चुनाव के समय भाजपा महिला बिल संसद में लेकर आई थी। उस समय भाजपा को महिलाओं के वोट की आवश्यकता थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया तो एक सीधी सच्ची गांधी वादी विचारधारा की महिला नेता मीनाक्षी नटराजन का फार्म भाजपा ने निरस्त कराकर सीधे तौर पर महिलाओं का विरोध किया है। निश्चित रूप से भाजपा हर चुनाव को लूटने का प्रयास करती है। यदि कोई अच्छा व्यक्ति भाजपा का विरोध करता है तो उसके पीछे देश की सारी सरकारी एजेंसियां ईडी सीबीआई एवं पुलिस तंत्र का गलत उपयोग कर कांग्रेसियों आमजनता को डराना धमकाना चाहते है। वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपेश पटेरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मंचो से नारी शक्ति की बड़ी बड़ी बातें करती है। गांधी वादी विचारधारा की महिला को कांग्रेस का राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया तो उसे किस प्रकार धन बल बाहुबल का उपयोग कर हटाया जा रहा है। देश की जनता को देखने की जरूरत किस प्रकार लोकतंत्र का चीरहरण भाजपा कर रही है। प्रदर्शन स्थल पर हटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, घनश्याम यादव, प्रदीप खटीक, प्रशांत पाठक, रामनाथ राय, मोनू पटेरिया, राजाराम साहू, संदीप दुबे, राजू सोनी, कैलाश ताम्रकार, हरिशंकर साहू, अंजर खान, जमुना अठया, हाकम सिंह, राजेश यादव, सोनू पटेल, जितेंद्र पटेल, पार्षद प्रतिनिधि लखन कोरी, अमन खरे, योगेश सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

# विशाल कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**रनेह।** राजा नल दमयंती की पावन धरा पर पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार के दरबार में संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन प्रारंभ है। कथा व्यास श्री दासनुदास श्री रामानुज दास जी परम पूज्य श्री राकेश भाई जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीमद् भागवत कथामृत का रसपान करा रहे हैं। कथा का समय शाम 7:00 बजे से हरि इच्छा तक। कथा के प्रथम दिवस ढोल-नगाड़ों, अश्वों, घोड़ा-बग्गी के साथ बड़ी देवी भुवन मातनताल से विशाल कलशयात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गो को धर्ममय जयकारों से गुंजायमान करते हुए कथा स्थल श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार पहुंची। कलश यात्रा में श्रीमद् भागवत पुराण एवं प्रधान कलश के साथ ही कथा व्यास राकेश भाई महाराज की आरती कर पुष्प माला से द्वार-द्वार स्वागत किया गया। प्रथम दिवस की कथा में व्यास पीठ से कथा व्यास राकेश भाई महाराज ने अपनी समधुर वाणी से मंगलाचरण के साथ भागवत कथा क्या है और इसके श्रवण से क्या लाभ हैं श्रोताओं को विस्तार से विवरण कर बताया। कथा के मुख्य श्रोता श्रीमती मेंदाबाई गोस्वामी, श्रीमती कमला मन्नू नगायच, श्रीमती सुहागरानी नगायच, डॉक्टर रामनारायण कुसमया, श्रीमती सुनीता पंचम राय, श्रीमती नीलम श्याम नायक, श्रीमती पार्वती सुरेश नायक, श्रीमती उर्मिला जगदीश सोनी, श्रीमती गेंदारानी अच्छेलाल साहू, श्रीमती सुमतरानी साहू, श्रीमती अवधरानी साहू, श्रीमती मनीषा देवेंद्र नामदेव, श्रीमती सीता पंचू नामदेव, श्रीमती ममता तातूराम राय, श्रीमती देशरानी साहू, श्रीमती सीमा ठाकुर साहू, श्रीमती द्रोपति दीपचंद साहू, श्रीमती प्यारी बाई राय, श्रीमती सरोजरानी जुगल साहू, कंछेदी सेन हैं। गुरु राकेश भाई जी महाराज शिष्य मंडल रनेह ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## 15 अगस्त तक नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**दमोह।** मछली पालन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में समस्त नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि छोटे तालाब अथवा ऐसे जल स्रोत, जिनका किसी नदी से संबंध नहीं है तथा जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है, वे इस प्रतिबंध से पृथक रहेंगे। बंद ऋतु के दौरान अवैधानिक मत्स्याखेट, मछलियों का परिवहन, क्रय-विक्रय अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने जिले की समस्त मत्स्योद्योग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना, एक वर्ष का कारावास अथवा दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

# तिलगवां में गूंजी 'चीता चौपाल' की आवाज़



**सिंग्रामपुर।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सिंगौरगढ़ रेंज अंतर्गत सिंगरामपुर पंचायत के तिलगवां गांव में आयोजित 'चीता चौपाल' कार्यक्रम ने ग्रामीणों के बीच जंगल और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता की नई अलख जगा दी। इस पहल का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि इंसान और वन्यजीवों के बीच बेहतर तालमेल और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को चीता, बाघ, भालू, सियार सहित अन्य वन्यजीवों की पहचान एवं उनके व्यवहार के बारे में सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया गया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से यह भी बताया गया कि जंगल केवल वन्यजीवों का निवास स्थान नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चौपाल में पेड़-पौधों को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी गई। सागौन, बीजा, महुआ, हर्रा, बहेरा और आंवला जैसे महत्वपूर्ण वृक्षों एवं वनस्पतियों के औषधीय और आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया कि ये संसाधन पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका का आधार भी हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट किया कि सामान्य परिस्थितियों में चीता मनुष्यों पर हमला नहीं करता। ऐसे में यदि कहीं चीता दिखाई दे तो घबराने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। "डर नहीं, समझदारी जरूरी" का संदेश पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चीतों की सफल बसाहट सुनिश्चित करना और ग्रामीणों में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। इस अवसर पर वनपाल हर लाल रैकवार, बीट प्रभारी विनोद डंडोतिया सहित वन विभाग का अमला मौजूद रहा। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। तिलगवां की यह 'चीता चौपाल' न केवल एक जागरूकता कार्यक्रम रही, बल्कि प्रकृति और समाज के बीच विश्वास और समझ को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुई।

# आम चोपरा में किया श्रमदान



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर चलाए जा रहे स्वच्छता एवं जन-जागरण अभियान के अंतर्गत आम चोपरा में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति गंदगी फैलाने से बचे और स्वच्छता को अपनी आदत बनाए, तो मोहल्ला, समाज एवं गाँव स्वच्छ और सुंदर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता से चलाया जा रहा यह स्वच्छता अभियान विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाना है। स्वच्छता अभियान में दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र, स्वच्छता एम्बेसडर हरीश पटेल तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की शपथ भी ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आम चोपरा के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता रही।

# ब्राइटर माइंड्स कोर्स का हुआ समापन

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में पुलिस परिवार के बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं मानसिक क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित समर कैंप के अंतर्गत संचालित ₹ब्राइटर माइंड्स₹ कोर्स का समापन समारोह आज दिनांक 10 जून 2026, बुधवार को पी.जी. कॉलेज दमोह के ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सागर जोन की जोनल कोआर्डिनेटर हार्टफुलनेस श्रीमति प्रतिभा सांडिल्य एवं कान्हा शान्ति वनम हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक आर. रामकरण द्वारा बताया गया कि यह कोर्स 05 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए आजोजित किया जाता है। प्रशिक्षकों का कहना है कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। ₹ब्राइटर माइंड्स₹ जैसे प्रशिक्षण बच्चों की बौद्धिक क्षमता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि,नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर.पांडेय, निरी. मनीष कुमार,निरी.दलवीर मार्को ,सूबेदार अभिनय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने समर कैंप में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कराकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि ब्राइटर माइंड्स कोर्स बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह कोर्स बच्चों के मस्तिष्क की क्षमताओं को विकसित एवं सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसके माध्यम से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता तथा रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं अभ्यासों के माध्यम से बच्चों को मानसिक विकास और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। समापन समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



# बवंडर का कहर: पेट्रोल पंप की कैनोपी उड़ी वेयर हाउस उजड़ा, कई गांवों में भारी तबाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

मंगलवार देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच आए तेज बवंडर ने जबेरा तहसील के कई गांवों में भारी तबाही मचा दी। सिमरी जालम, चोपरा, डूमर और बड़गुवा सहित आसपास के क्षेत्रों में आंधी-तूफान के कारण मकान, पेड़ और बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। सुबह होते ही तबाही का मंजर सामने आया, जो दिन बढ़ने के साथ और भयावह नजर आने लगा।





### पेट्रोल पंप और वेयरहाउस को भारी नुकसान

सिमरी जालम स्थित पेट्रोल पंप पर बवंडर का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला, जहां पंप की कैनोपी (छत) पूरी तरह उड़ गई। पास ही बने श्रीमती सुषमा नर्मदा प्रसाद राय के मां वेयरहाउस के टीन शेड तेज हवा में उखड़कर मीलों दूर खेतों में बिखर गए। वेयरहाउस में रखा करीब 60 हजार क्विंटल अनाज—जिसमें 28 हजार क्विंटल गेहूं और 32 हजार क्विंटल धान शामिल है—अब खुले आसमान के नीचे आ गया है। समय रहते इसे सुरक्षित नहीं किया गया तो बारिश में खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

### डूमर में मकान ढहे, बच्ची समेत महिला घायल

डूमर गांव में बवंडर के चलते परम अहिरवार के दो मंजिला मकान की दीवारें गिर गईं, जिससे प्रियंका (15 वर्ष), पिता मुकेश और गिरजा, पति खिततू गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों का इलाज जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। वहीं चंदन विश्वकर्मा के टीन शेड और सीमेंट की सीटें भी उड़ गईं। चोपरा गांव में भी कई मकानों की दीवारें ढह गईं और टीन शेड उखड़ गए।

### व्यापक नुकसान

ग्राम पंचायत चंडी-चोपरा में तूफान ने भारी तबाही मचाई। सुरेंद्र जैन के मकान की दीवार गिर गई, सत्यम चौबे के मकान की दीवारें और टीन शेड उड़ गए। बबलू आदिवासी का किचन मकान ढह गया, जबकि आलोक जैन, दौलत सिंह, लक्ष्मण सिंह और गोविंद सिंह के मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। चिलौद टपरिया में मोहन विश्वकर्मा के टीन शेड हवा में उड़ गए। पंचायत स्तर पर नुकसान का सर्वे जारी है।

### पेड़ और बिजली पोल गिरे, बिजली ठप

चोपरा तालाब के पास एक विशाल पीपल का पेड़ गिरने से कई बिजली पोल धराशायी हो गए। पेट्रोल पंप के पास भी करीब 8 से 10 पोल गिर गए, जिससे इलाके की बिजली व्यवस्था देर रात से ठप है। बम्होरी और चौपरा सेक्टर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। धुनगी, मझगांव और बम्होरी रोड पर सड़क किनारे कई पेड़ गिर गए, हालांकि यातायात पूरी तरह बंद नहीं हुआ और आवागमन जारी रहा।



### बवंडर का केंद्र बने ये गांव

चोपरा, सिमरी और डूमर क्षेत्र बवंडर का केंद्र रहे, जहां सबसे ज्यादा नुकसान दर्ज किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार तूफान की रफ्तार करीब 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा आंकी जा रही है। वेयरहाउस की चद्दरें मीलों दूर खेतों में जा गिरीं, वहीं सड़क किनारे खड़े ऑटो भी हवा में उड़कर खेतों में जा पहुंचे।

### मंत्री ने लिया जायजा

राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने सिमरी स्थित पेट्रोल पंप और मां वेयरहाउस पहुंचकर हालात का जायजा लिया तथा नायब तहसीलदार राजेश साहू को नुकसान के आकलन के निर्देश दिए। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का सर्वे किया जा रहा है और राहत कार्य शुरू करने की तैयारी जारी है। प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तूफान और ओलावृष्टि से वन संपदा को क्षति,कई पेड़ हुये धराशायी

तेंदूखेड़ा। मंगलवार को क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ वन संपदा को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवाओं के कारण जंगलों में बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गए और कई स्थानों पर मकानों एवं निर्माणाधीन भवनों को भी क्षति पहुंची है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार खकरिया कला एवं खकरिया खुर्द ग्राम में तेज तूफान के चलते लगभग 35 महुआ के पेड़ धराशायी हो गए। इसके अलावा एक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की दीवार गिर गई तथा कई घरों के छप्पर भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक आई तेज आंधी ओले के कारण लोगों को संभलने का अवसर तक नहीं मिला। नरगुँआ के पूर्व सरपंच उमेदी सिंह आदिवासी ने बताया कि मंगलवार शाम क्षेत्र में तेज आंधी और तूफान के साथ ओले गिरे, जिससे खकरिया खुर्द एवं खकरिया कला सहित आसपास के गांवों में काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए तथा ग्रामीणों की संपत्ति को भी क्षति पहुंची है। इसी प्रकार जामुन, समनापुर, तारादेही एवं आसपास के वन क्षेत्रों में भी कई भारी-भरकम वृक्ष धराशायी हो गए। ग्राम सर्रा के जंगलों में तूफान का प्रभाव सबसे अधिक देखा गया, जहां धवा और साज प्रजाति के अनेक वृक्ष जड़ों सहित उखड़ गए। ये वृक्ष गर्मी के मौसम में घने और हरे-भरे पत्तों से लदे रहते हैं, लेकिन तेज हवाओं का सामना नहीं कर सके और जमीन पर गिर पड़े। वन क्षेत्रों में जहां-जहां से तेज हवा का प्रभाव गुजरा, वहां वन संपदा को व्यापक क्षति पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि गनीमत रही कि आंधी का मुख्य प्रभाव जंगलों तक सीमित रहा। यदि इतनी तेज रफ्तार से चलने वाली हवा गांवों और आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरती, तो जनहानि और बड़े पैमाने पर संपत्ति नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।



## 31 विभाग के अधिकारियों को मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन की जिले में मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में 31 विभागों के अधिकारियों यथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हलधर मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद पटेल, मनीष बागरी, के.के पांडे, नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ठाकुर, उपसंचालक कृषि दमोह ग्यारसी लाल अहिरवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, प्रभारी मंडी सचिव कैलाश चंद कुशवाहा, महाप्रबंधक केंद्रीय सहकारी बैंक अभिषेक मोहन व्यास, कार्यालय अधीक्षक कलेक्ट्रेट भारत कुमार प्रधान, कनिष्ट अभियंता सपनेश धुर्वे, रीजनल मैनेजर आईसीआईसीआई बैंक नितिन नेमा, मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक सतीश चंद्र दीक्षित, आंचलिक मैनेजर रमेश कुमार, रीजनल मैनेजर वित्त विभाग समीर कुमार, रंजन मिश्रा, आशीष सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पल्लवी जैन, तहसीलदार तेंदूखेड़ा विवेक व्यास, कुलसचिव, एकलव्य विश्वविद्यालय प्रफुल्ल शर्मा, मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक प्रबुद्ध शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दमोह हेमंत कुमार, सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. प्रहलाद पटेल, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वाय.के कोरी, धर्मेंद्र चौबे, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उमाशंकर पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार अठ्या, तहसीलदार तत्कालीन सोनम पांडे, प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास पूजा मरावी, उपसंचालक पशुपधन व कुक्कुट डॉ. बी.के असाटी शामिल है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है, समस्त शिकायतो को निर्धारित समय सीमा में अटेण्ड करते हुए निराकरण प्रतिवेदन दर्ज किया जाये। संबंधितों द्वारा शिकायतों के निराकरण में की जा रही लापरवाही के फलस्वरूप शिकायते अनिराकृत रहकर उच्च स्तर तक पहुँचने से जिले की ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, संबंधितों का उपरोक्त कृत्य सी.एम. हेल्पाईन के प्रति उदासीनता एवं आपकी स्वेच्छाचारिता को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है। कलेक्टर श्री यादव ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये कहा है कारण बताए कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाये। इस विषय में अपना उत्तर 03 दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा मे आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### फर्जी बिजली बिल को उपभोक्ता ने दी थी चुनौती

## जांच के बाद चार लाख का बिजली बिल घटकर हुआ 58 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के ग्राम मोहरा निवासी आनंद ठाकुर ने बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए चार लाख रुपये से अधिक के बिजली बिल को फर्जी बताते हुए सफलतापूर्वक चुनौती दी है। बिजली उपभोक्ता फोरम में हुई सुनवाई और जांच के बाद उक्त बिल को निरस्त कर संशोधित राशि 58 हजार रुपये निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार आनंद ठाकुर की पत्नी के नाम से ग्राम मोहरा में एक राइस मिल संचालित होती है। उनका कहना है कि राइस मिल वर्ष में केवल चार माह ही संचालित होती है, इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा लगातार अत्यधिक राशि के बिल जारी किए जा रहे थे। गलत बिलों के कारण उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके बाद उन्होंने बिजली उपभोक्ता फोरम जबलपुर का दरवाजा खटखटाया। फोरम में मामले की विस्तृत जांच एवं सुनवाई के दौरान बिजली बिल में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इसके आधार पर चार लाख रुपये से अधिक की देय राशि को निरस्त करते हुए संशोधित बिल 58 हजार रुपये निर्धारित किया गया। साथ ही फोरम ने 2 जून को जारी अपने आदेश में निर्देश दिए कि पहले राइस मिल का बिजली कनेक्शन बहाल किया जाए तथा उसके बाद संशोधित बिल की राशि जमा कराई जाए। आनंद ठाकुर का आरोप है कि उपभोक्ता फोरम के स्पष्ट आदेश के बावजूद हर्रई विद्युत वितरण केंद्र द्वारा अब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। बिजली कनेक्शन चालू न होने के कारण राइस मिल का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान की आशंका बनी हुई है। उपभोक्ता ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र बिजली कनेक्शन बहाल करने तथा फोरम के आदेश का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मामले ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कोतवाली पुलिस ने चोरी का किया खुलासा

दमोह। थाना कोतवाली पुलिस ने शौभानगर क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी एवं दो बाल अपचारियों को पकड़कर चोरी गया माल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 95 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान जब्त किया है।पुलिस के अनुसार शौभानगर निवासी आकाश चौरसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मित्र के साथ खाटूश्याम दर्शन के लिए गया था। वापस लौटने पर घर के दरवाजे खुले मिले और घर से चांदी की बड़ी एवं छोटी पायल, सोने की हाय, चांदी का सिक्का तथा नकदी सहित करीब 95 हजार रुपये का सामान चोरी मिला।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शाहबाज पिता राजा कुरैशी निवासी नूरी नगर दमोह तथा दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया।पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मोदी सरकार के फैसलों ने बदली देश की दिशा और दशा : राज्यमंत्री लखन पटेल

दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम झागर में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने विशेष रूप से हर घर नल से जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के कारण विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के लंबे सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की।कार्यक्रम से पूर्व राज्यमंत्री ने ग्राम झागर पहुंचकर भगवान गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

मध्यप्रदेश पेंशनर समाज एवं प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अव्हान पर पटेरा तहसील में पेंशनर्स ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनर्स की लंबित एवं ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। पेंशनर्स एवं उनके परिवार लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत एवं अन्य लाभ राज्य के पेंशनर्स को समय पर नहीं मिल पाते, जिससे उनमें निराशा एवं असंतोष का वातावरण व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को अविलंब समाप्त किया जाए। साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में कर्मचारियों से 1 प्रतिशत तथा पेंशनर्स से 4 प्रतिशत प्रीमियम लिए जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई गई। पेंशनर्स का कहना है कि कर्मचारियों की तुलना में चार गुना अधिक प्रीमियम लेना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि या तो पेंशनर्स से कोई प्रीमियम न लिया जाए अथवा कर्मचारियों के समान ही दर निर्धारित की जाए। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से उनकी मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर रामकिशोर खरे प्रांतीय सचिव, मोहन ताम्रकार तहसील अध्यक्ष, प्रकाश गुप्ता, महेश जैन, प्रकाश गर्ग, मुरहवीर खान, देवेन्द्र जैन, शिव प्रसाद कोरी, आशाराम ढिम्हा, सी वी खरे, राजेन्द्र पाण्डे, आदि की उपस्थिति रही।



## पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विगत दिनों पत्रकार एवं उनके भाई के साथ मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम सीजी गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि जबेरा क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों द्वारा खुलेआम अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। इनके विरुद्ध यदि कोई पत्रकार आवाज उठाता है तो उसे डराने धमकाने एवं दबाने के उद्देश्य से उस पर हमला किया जाता है। जिसमें दिनांक 25 मई 2026 को जबेरा के शासकीय बांणा तालाब में अवैध रूप से मुरम उत्खनन किए जाने की सूचना पर तहसीलदार जबेरा द्वारा रात्रि लगभग 12: बजे मौके पर पहुंच कर दो जेसीबी एवं तीन ट्रैक्टर जप्त करने की कार्यवाही की गई थी। उक्त कार्यवाही की कवरेज करने गए एक पत्रकार के साथ उसी रात मारपीट की गई थी जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना जबेरा में दर्ज कराई गई थी। ज्ञापन में बताया गया कि इसके बावजूद दिनांक 27 मई 2026 की रात्रि में पुनः अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसी दौरान पत्रकार देवी प्रसाद शर्मा एवं उनके छोटे भाई को देखकर आरोपियों ने उन्हें रोक कर गाली गलौज करते हुए लोहे की राड एवं टायर लीवर से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों भाइयों को पैर कमर हाथ एवं आंख के नीचे गंभीर चोटें आने पर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। उक्त घटना की रिपोर्ट पत्रकार द्वारा जबेरा थाना में 06 आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। किंतु घटना के करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से तहसील पत्रकार संघ में रोस व्याप्त है। ज्ञापन में पत्रकार संघ जबेरा ने मांग करते हुए कहा है कि पत्रकार एवं उनके भाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए जिससे कानून व्यवस्था पर पत्रकारों एवं आमजन का विश्वास बना रहे। ज्ञापन में कहा गया कि यदि 07 दिवस के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई तो पत्रकार संघ जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में अनेक पत्रकारों की उपस्थित रही।

## स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिलों के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

### विद्युत मंडल कार्यालय में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, विद्युत मंडल नरसिंहगढ़ कार्यालय पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान ग्रामीणों और विद्युत कर्मचारियों के बीच काफी देर तक बहस होती रही। स्थिति को शांत कराने के लिए पुलिस को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक भारी वृद्धि हो गई है। उनका कहना है कि पहले जहां 200 से 300 रुपये तक बिल आता था, वहीं अब किसी का 3 हजार, 5 हजार, 10 हजार और 11 हजार रुपये तक का बिल आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इतना अधिक बिल भरने में असमर्थ हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मीटर रीडिंग लेने वाला एक कर्मचारी पैसे लेकर कुछ उपभोक्ताओं के बिल कम कर देता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने विद्युत मंडल के सेक्टर प्रभारी संदीप पटेल को लिखित शिकायत सौंपते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।



विरोध के दौरान स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस चौकी प्रभारी रोहित त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर राहत दी जाए, स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाएं तथा कथित अनियमितताओं में शामिल कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर चक्का जाम आंदोलन करेंगे।

इस दौरान बबलू शर्मा, राजू शर्मा, जीतू रैकवार, देवेंद्र वकील, मुन्ना भाई, पप्पू खान, अजीत रैकवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सेक्टर प्रभारी संदीप पटेल ने बताया कि ग्रामीणों ने अधिक बिजली बिल और स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का आवेदन दिया है, जिसका परीक्षण कर शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

वहीं पुलिस चौकी प्रभारी रोहित त्रिवेदी ने बताया कि महिलाएं बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर आक्रोशित थीं। समझाइश के बाद सभी ग्रामीण शांतिपूर्वक ज्ञापन देकर अपने घर लौट गए।

## भाजपा ने पहले की वोट चोरी अब सीट ही चोरी कर ली- मानक पटेल




दमोह। पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन की राज्यसभा सदस्य का नामांकन निरस्त किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय कोपरेटिव बैंक चौराहे पर कांग्रेजनों ने एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम किया गया। उपवास करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की खुलेखाम धज्जियां उढ़ा रही है। उन्होंने ईमानदार महिला जिसके पक्ष में कांग्रेस के विधायक एक जुट थे इसलिये पूर्व नियोजित षड़यंत्र कर असंवैधानिक तरीके से उनका नामांकन निरस्त करवा दिया। पूर्व विधायक अजय टडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया ने कहा उन पर किसी भी तरह का आपराधिक मामला नहीं था किन्तु सत्ता के अहंकार में आकड़ में डुबी भाजपा जिसने पहिले वोट चोरी करके चुनाव आयोग से साठगाठ कर कई प्रदेशो में सरकार बना ली अब म.प्र. की राज्यसभा सीट ही चुरा ली। नितिन मिश्रा, रजनी ठाकुर, विजय बहादुर, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, लालचदं राय, कमला निषाद, शमीम कुरेशी, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, डालचंद कुशवाहा, सविता पटैल, संध्या नायक, संदीप बरदिया, अजय जाटव, अभिषेक डिम्हा, जाबेद रोजान, गौरव राय, शानु जुनेजा, खिल्लू ठाकुर, रियाज खान ने भी कहा कि झारखंड प्रदेश में हो रहे राज्यसभा चुनाव में एक.डी.ए. के निर्दलीय प्रत्याशी परियल नाथवाड़ी के नामांकन में कुछ भुटिया थी जिसके लिय वहॉ कांग्रेस की सरकार है किन्तु म.प्र. क्यो नही। इस अवसर पर नगर के पार्षद विक्रम सींग, राशु चौहान, रफीक खान, संजय सेठ, पप्पू कसोटया, मिक्की चंदेल, राकेश राय, मिक्की चंदेल, श्रीकांत पटेल, शेरू कुशवाहा, मुकेश सोनी सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।